# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कारपोरेट केन्द्र, मुम्बई

## स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर में उप महाप्रबंधक (विधि) के पद के लिए भर्ती

## (विज्ञापन नं.: CRPD/SCO/2015-16/04)

भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर में नियमित आधार पर उप महाप्रबंधक (विधि) के पद के लिए योग्य और अनुभवी उम्मीदवार की आवश्यकता है जो केवल भारतीय नागरिक हो.

| | |
|---|---|
| आवेदन और फीस के भुगतान का ऑनलाइन पंजीकरणः 15-09-2015 से 30-09-2015 | आवेदन के प्रिंट आउट की रसीद के साथ प्रशंसापत्र की कॉपी (स्कैन प्रतियां) ई-मेल से पाने की अंतिम तिथिः 07-10-2015 |

**क. 31.08.2015 को पात्रताः**

| | |
|---|---|
| **पद** | उप महाप्रबंधक (विधि), वर्ग- सामान्य |
| **आयु सीमा** | न्यूनतमः 35 वर्ष, अधिकतम 55 वर्ष |
| **शैक्षिक योग्यता** | शैक्षिक योग्यता: विधि स्नातक की डिग्री या विधि स्नातक जिसने भारत में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 5 वर्ष का एकीकृत विधि पाठ्यक्रम पास किया गया हो. |
| **अनुभव** | अनुभव: कम से कम 20 साल, जिसमें से:<br>अ) भारत के किसी भी न्यायालय में एडवोकेट के रूप में स्वतंत्र या भारत की किसी सॉलीसिटर फर्म के एक सदस्य के रूप में (बार काउंसिल में एडवोकेट के रूप में नामांकन के बाद) न्यूनतम 3 से 7 वर्ष का अनुभव<br>**और**<br>ब) किसी भी वाणज्यिक बैंक/ वित्तीय संस्था में विधि अधिकारी के रूप में कम से कम 15 वर्ष जिसमें से 4 वर्ष मुख्य प्रबंधक (विधि) के रूप में या 2 वर्ष सहायक महाप्रबंधक (विधि) के रूप में. |
| **वेतनमान** | मूल वेतन ₹ 68680-1960x4-76520 |
| **अन्य भत्ते या लाभ और सेवा शर्तें** | अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए सीसीए, पीएफ, अंशदायी पेंशन फंड, एलएफ़सी, चिकित्सा सुविधा आदि के लिए पात्र होगा. |
| **प्रोबेशन** | एसबीबीजे के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा. |

**ख. चयन प्रक्रिया**

i) चयन शॉर्ट लिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.

**साक्षात्कार:** बैंक द्वारा तय उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार में पात्रता अंक बैंक द्वारा तय किया जाएगा.

**मेरिट सूची:** चयन के लिए अवरोही क्रम में केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार होगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा कट ऑफ़ मार्क आने के मामले में [कट ऑफ़ बिंदु पर सामान्य मार्क], ऐसे उम्मीदवारों को प्रतीक्षा सूची के साथ चयन सूची दोनों में अवरोही क्रम में उनकी उम्र के हिसाब से श्रेणीबद्ध किया जाएगा.

**ग. आवेदन कैसे करें:**

- उम्मीदवारों की वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए जो परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. इससे उन्हें कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:**

i) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in के माध्यम से खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कर और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करते हुए आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा.

ii) उम्मीदवारों को पहले अपने फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने चाहिए. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं किए जाएंगे जब तक उम्मीदवार निर्दिष्ट तरीके से अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड न करे.

iii) उम्मीदवार को बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in पर 'Recruitment link' में उचित ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्मेट खोलना चाहिए.

iv) आवेदन ध्यान से भरें. एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने पर, उम्मीदवार को डेटा सबमिट करना चाहिए. उम्मीदवार के एक ही बार में डेटा भरने में सक्षम न होने की स्थिति में, वह पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकता है. जब डेटा सेव करते हैं, तो सिस्टम द्वारा एक provisional अंतिम पंजीकरण नम्बर और पासवर्ड उत्पन्न होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. उम्मीदवार को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लेना चाहिए. वे पंजीकृत नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर सेव किए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और आवश्यक हो तो, विवरणों में संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह भरने के बाद, उम्मीदवार डेटा सबमिट करें और ऑनलाइन से शुल्क का भुगतान करें.

**घ. शुल्क भुगतान:**

i) आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापसी योग्य नहीं) ₹ 600/-

ii) शुल्क भुगतान उस समय उपलब्ध भुगतान के गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा.

iii) आवेदन फार्म में विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों को एकीकृत भुगतान के गेटवे के माध्यम से फीस का भुगतान करना आवश्यक है. उसके बाद किसी परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं होगी.

iv) स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी उपलब्ध कराकर भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करके किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, जो उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा.

v) लेनदेन के सफल समापन पर, ई-रसीद और आवेदन पत्र उम्मीदवार द्वारा दर्ज तारीख के साथ उत्पन्न होगी और वह प्रिंट होनी चाहिए.

vi) अगर ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा नहीं होता, तो कृपया फिर से पंजीकरण करें और ऑनलाइन भुगतान करें.

vii) शुल्क विवरण वाली ई-रसीद और आवेदन फार्म को बाद में फिर से प्रिन्ट का भी प्रावधान है.

**ङ. आवेदन की स्कैन प्रतियां (ऑनलाइन पंजीकृत)**

**(i) आईडी प्रूफ़ (ii) जन्म प्रमाण (iii) शैक्षिक प्रमाण पत्र/अंक तालिका (iv) अनुभव प्रमाण पत्र (जैसे ऊपर बताया गया है). (v) बार काउंसिल में नामांकन की प्रति के साथ (vi) वर्तमान रोजगार के मुआवजा पैकेज का ब्योरा दर्शाने वाला (vii) शुल्क भुगतान के लिए ई-रसीद, ई-मेल के माध्यम से (स्कैन प्रतियां) केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, मुंबई को 7 अक्टूबर 2015 से पहले ई-मेल पता crpd@sbi.co.in पर भेजी जानी चाहिए. उक्त तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन की स्कैन प्रतियां न मिलने के मामले में, उनकी उम्मीदवारी पर शार्ट लिस्टिंग और चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा. कृपया इस कार्यालय को हार्ड कापी न भेजें.**

**च. सामान्य जानकारी:**

i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए.

ii) सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से (अनापत्ति प्रमाणपत्र) प्रस्तुत करें, और ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य है, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

iii) चयन के मामले में, उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र लेने के समय नियोक्ता से प्राप्त कार्य-मुक्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

iv) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफ़ी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि तक इंतजार न करें इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके.

v) भारतीय स्टेट बैंक के नियंत्रण से परे उपर्युक्त कारणों से या किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

vi) भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने के मामले में कि यह उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/अथवा उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य दबाया/दबाए हैं तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. अगर ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपनी ई-मेल आईडी कार्यरत रखें.

viii) सभी मामलों में पात्रता, परीक्षा संचालन, अन्य परीक्षण और चयन पर बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्र-व्यवहार का बैंक द्वारा जवाब नहीं दिया जाएगा.

ix) साक्षात्कार के लिए बुलाए उम्मीदवारों को हवाई किराया (इकॉनामी क्लॉस) या वास्तविक व्यय, अन्य साधनों से यात्रा जो भी कम हो का भुगतान किया जाएगा, जो भी भारत में सबसे छोटा रास्ते से हो. स्थानीय यात्रा खर्चों का भुगतान नहीं किया जाएगा.

x) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उसके चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित होने के अध्यधीन है. ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए, बैंक में ज्वाइन करने के समय लागू बैंक के सेवा और आचरण नियमों के तहत होगी.

xi) इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके जवाब में प्राप्त किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरु की जा सकती है और ऐसे कारण/विवाद का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार केवल मुंबई स्थित न्यायालय/अधिकरण/मंच के पास ही रहेगा.

मुम्बई - 400021
दिनांकः 15.09.2015

**महाप्रबंधक (CRPD)**